सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**

**राज्यपाल ने समस्त प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी है।**

**राजभवन देहरादून 01 फरवरी, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने समस्त प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए मां सरस्वती से प्रार्थना की कि वे सभी के जीवन में ज्ञान, उल्लास और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें।

पूर्व संध्या में जारी संदेश में राज्यपाल ने कहा कि बसंत पंचमी केवल ज्ञान और विद्या का ही नहीं, बल्कि प्रकृति के नव निर्माण का पर्व भी है। यह किसानों के परिश्रम, समर्पण और समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मां सरस्वती के आशीर्वाद से प्राप्त ज्ञान से हम लोक कल्याण, मानवता, विश्व शांति और समृद्धि की ओर अग्रसर होंगे।

...........0............